

प्रदर्शन में निरंतरता को लेकर सवाल उठते हैं, क्योंकि मेरे मामले में पिछले चयन चक्र के मुकाबले अलग-अलग पैमाने और बातों को ध्यान में रखा गया। अगर वही नियम लागू होने थे जो पिछले एशियन गेम्स के चयन में लागू हुए थे।

- मनिका बत्रा

भारतीय टेनिस खिलाड़ी, मुख्य टीम में शामिल नहीं किये जाने पर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

नीरज चोपड़ा

भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने भारतीय खेलों को डोपिंग मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय ओलंपिक संघ के साथ मिलकर एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रदर्शन बढ़ाने वाली प्रतिबंधित दवाओं के खतरों के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रघुराम अय्यर ने बताया कि भारतीय ओलंपिक संघ और नीरज चोपड़ा फाउंडेशन के बीच क्लीन स्पोर्ट्स अभियान के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

क्या आप जानते हैं ?... पुरुषों के लिए पहला फुटबॉल फीफा विश्व कप 1930 में आयोजित किया गया था जबकि महिला टूर्नामेंट 1991 में शुरू हुआ था

FIFA WORLD CUP 2026

आज के मैच

स्कॉटलैंड बनाम मोरक्को
सुबह 3.30 बजे

ब्रॉजील बनाम हैती
सुबह 6.00 बजे

तुर्की बनाम पैराग्वे
सुबह 8.30 बजे

नीदरलैंड बनाम स्वीडन
सुबह 10.30 बजे

नॉकआउट चरण में पहुंचने वाला पहला देश बना मेक्सिको, दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया

नई दिल्ली, 19 जून। फीफा विश्व कप 2026 में मेजबान मेक्सिको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया और नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। मुकाबले का एकमात्र और निर्णायक गोल लुइस रोमो ने दूसरे हाफ में किया। यह गोल दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम स्युंग-ग्यु की बड़ी गलती के बाद आया।

दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में मेक्सिको ने बढ़त बनाई, जब एक क्रॉस को पकड़ने के प्रयास में किम अपने ही साथी खिलाड़ी से टकरा गए और गेंद उनके हाथ से छूट गई। मौके का फायदा उठाते हुए रोमो ने बिना किसी गलती के गेंद को खाली गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। गोल खाने के बाद दक्षिण कोरिया ने वापसी की कोशिश की। हालांकि किम ने बाद में शानदार बचाव करते हुए राउल जिमेनेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया।

मुकाबले के अंतिम क्षणों में दक्षिण कोरिया को बराबरी का मौका मिला, लेकिन मेक्सिको के गोलकीपर राउल रांजेल ने यांग ह्युन-जुन के प्रयास को शानदार तरीके से रोककर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ मेक्सिको छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा और अगले दौर में पहुंच गया। अब मेक्सिको अगले मुकाबले में बुधवार को एस्तादियो अज़्टेका में चेकिया का सामना करेगा। वहीं दक्षिण कोरिया, जिसके तीन अंक हैं, अपने अगले मुकाबले में मॉन्टेरी में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

कनाडा से 6-0 की हार के बाद फूट-फूटकर रोया कतर का गोलकीपर, विरोधी खिलाड़ी ने पोंछे आंसू



नई दिल्ली, 19 जून। कतर की विश्व कप में कनाडा के हाथों करारी हार से उसके खिलाड़ी और सरकारी खर्चे पर यहां पहुंचे 1000 से अधिक प्रशंसक निराश हो गए तथा अंतिम सीटी बजने के बाद गोलकीपर महमूद अबुनादा फूट-फूटकर रोने लगे, जिन्हें कनाडा के जैकब शैफेलबर्ग ने सांत्वना दी। कतर के कोच जुलेन लोपेटेगुई ने कहा, "यह एक कठिन मैच था, क्योंकि इसमें हमारे लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा।

सब कुछ गलत हुआ। फुटबॉल में कभी-कभी ऐसा होता है।" कतर को दूसरे हाफ के अधिकांश समय नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि उसके दो खिलाड़ियों को लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया गया था। आखिर में उसे 6-0 से हार का सामना करना पड़ा, जो फारस की खाड़ी के इस देश की विश्व कप इतिहास में सबसे बुरी हार है। कतर ने 2022 में मेजबान के रूप में टूर्नामेंट में पदार्पण किया था और तब उसे इक्वाडोर से 2-0, सेनेगल से 3-1 और नीदरलैंड से 2-0 से हार मिली थी। कतर ने इस मैच में अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए विशेष चार्टर्ड विमान से लगभग 1000 प्रशंसकों को यहां भेजा था। खिलाड़ियों को उम्मीद थी कि वह उन्हें खुशियां मनाने का मौका देंगे लेकिन सब कुछ इसके उल्टा हुआ।

जयपुर के मनोज दासोत राजस्थान बैडमिंटन संघ उपाध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर, 19 जून। आज भीलवाड़ा में संपन्न हुए राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के चुनाव में जयपुर बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव मनोज दासोत राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। उन्हें पुन: राजस्थान बैडमिंटन के उपाध्यक्ष बनने पर जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल मेहता व कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता ने बधाई दी।

आरोही और शौर्य भार्गव ने अंडर-17 डिस्ट्रिक्ट चैम्पियनशिप जीती

जयपुर, 19 जून। अंडर-17 ज़िला चयन टूर्नामेंट में आरोही शर्मा और शौर्य भार्गव नए विजेता बनकर उभरे। टूर्नामेंट की शुरुआत में 5वीं वरीयता प्राप्त आरोही और शौर्य ने क्रमश: लड़कियों के वर्ग में कैवल्य गोयनका और गहना अजमेरा को तथा लड़कों के वर्ग में गौरांश शर्मा, गर्वित शर्मा और नील मिधा को हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रेसिडेंट श्रीमती आशा भार्गव, सेक्रेटरी जयेंद्र चतुर्वेदी और ट्रेज़रर मधु मेहता ने विजेताओं, उनके माता-पिता और कोचों को बधाई दी। और आने वाली प्रतिभागियों में जयपुर जिले के खिलाड़ी द्वार उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा की

कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में जयपुर, उदयपुर, सीकर व नागौर जीती

जयपुर, 19 जून। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के सुपर लीग मैचों में जयपुर , उदयपुर , सीकर व नागौर ने शानदार जीत दर्ज की। आज समाप्त हुए मैचों का परिणाम :- जयपुर - बीकानेर, जयपुर पारी व 188 रनो से जीती जालोर - उदयपुर, उदयपुर पारी व 112 रन से जीती नागौर - करौली, नागौर 75 रन से जीती।

राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन प्रतियोगिता में बाड़मेर, झुंझनू जीती - राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर, अलवर में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन प्रतियोगिता के नौक आउट दौर के आज खेले गए मैचों में बाड़मेर व झुंझनू ने जीत दर्ज करते हुए प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 में बांग्लादेश को 7 रन से हराया

चटगांव, 19 जून। ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश को सात रन से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने ढाका में एकदिवसीय श्रृंखला में मिली हार का हिसाब बराबर किया और साथ ही वर्ष 2021 के बाद पहली बार बांग्लादेश की धरती पर टी-20 श्रृंखला जीतने में सफलता हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की जीत के नायक मैट रेनशॉ रहे, जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 89 रन बनाए। उन्होंने टिम डेविड (45 रन, 26 गेंद) के साथ चौथे विकेट के लिए केवल 50 गेंदों में 97 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। शुरुआती झटकों के बाद दोनों बल्लेबाजों ने पारी को संभालते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने पावरप्ले में तीन विकेट गंवा दिए। हालांकि रेनशॉ और डेविड की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। अंतिम ओवरों में रेनशॉ और जोएल डेविस ने तेज रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में 197/5 के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

स्विट्जरलैंड ने बोस्निया को 4-1 से हराया

इंगलवुड, 19 जून। फीफा विश्व कप 2026 में स्विट्जरलैंड ने शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार तड़के बोस्निया-हर्जेगोविना को 4-1 से हराकर ग्रुप बी में मजबूत स्थिति बना ली। मुकाबले का निर्णायक मोड़ दूसरे हाफ में आया, जब विकल्प खिलाड़ी योहान मंजांबी ने विश्व कप का अपना पहला गोल दागा और इसके बाद स्विट्जरलैंड ने लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए बड़ी जीत दर्ज की।

पहले हाफ में स्विट्जरलैंड ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन बोस्निया की सधी हुई रक्षापंक्ति के सामने उसे सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में स्विट्जरलैंड ने दबाव बढ़ाया और 74वें मिनट में मंजांबी ने शानदार वॉली के जरिए टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद बोस्निया की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब तारिक मुहरेमोविच को खतरनाक टैकल के कारण लाल कार्ड दिखाया गया और टीम 10 खिलाड़ियों तक सीमित हो गई। संख्यात्मक बढ़त का फायदा उठाते हुए स्विट्जरलैंड ने 84वें मिनट में रूबेन वर्गास के गोल से स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद 90वें मिनट में वर्गास के पास पर मंजांबी ने अपना दूसरा गोल दागा। मैच के इंजरी टाइम में कप्तान ग्रेनिट झाका ने पेनाल्टी को गोल में बदलते हुए स्कोर 4-1 कर दिया।

बोस्निया की ओर से एकमात्र गोल एर्मिन माहमिक ने इंजरी टाइम में किया। हालांकि हार के बावजूद बोस्निया की टीम अब भी नॉकआउट चरण में पहुंचने की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। मुकाबले में बोस्निया के अनुभवी कप्तान एडिन जेको ने 40 वर्ष की उम्र में विश्व कप मैच खेलकर नया रिकॉर्ड भी बनाया। वह 40 वर्ष की उम्र में विश्व कप मैच शुरू करने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। इस जीत के साथ स्विट्जरलैंड ने पिछले मुकाबले में कतर के खिलाफ निराशाजनक ड्रॉ के बाद शानदार वापसी की और अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

फीफा विश्व कप 2026 के बाद जर्मनी टीम को अलविदा कहेंगे मैनुअल नेउर, विश्वकप को बताया अंतिम टूर्नामेंट

विंस्टन-सेलम, 19 जून। जर्मनी के अनुभवी गोलकीपर मैनुअल नेउर ने गुरुवार को घोषणा की है कि वह फीफा विश्व कप 2026 के बाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे। 40 वर्षीय नेउर ने स्पष्ट किया कि यह उनके करियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। साल 2014 में जर्मनी को विश्व कप जिताने वाले नेउर लगातार पांचवें विश्व कप में जर्मनी के मुख्य गोलकीपर के रूप में खेल रहे हैं। उन्होंने यूरो 2024 में जर्मनी की क्वार्टर फाइनल हार के बाद राष्ट्रीय टीम से संन्यास ले लिया था, लेकिन क्लब स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें विश्व कप के लिए फिर टीम में शामिल किया गया। नेउर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैंने 2024 में सही कारणों से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल छोड़ा था। पिछले दो वर्षों तक लगातार राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना मेरे लिए शारीरिक रूप से कठिन होता। अब यह तय है कि यह मेरा आखिरी टूर्नामेंट है। मैं दो साल बाद होने वाली अगली यूरो चैम्पियनशिप में नहीं खेलूंगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में उन्होंने यह स्वीकार किया है कि जर्मनी के लिए ये उनके अंतिम मुकाबले होंगे, लेकिन फिलहाल उनका पूरा ध्यान विदाई पर नहीं बल्कि टीम के प्रदर्शन पर है।

अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में हर्षित राणा की वापसी

नई दिल्ली, 19 जून। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार (19 जून) को पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मुकाबले के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया है।

हर्षित राणा पिछले कुछ समय से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे थे। अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है और वह चेन्नई में भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच 20 जून को चेन्नई में तीसरा और आखिरी वनडे खेला जाएगा।

24 वर्षीय हर्षित राणा इस साल टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैच के दौरान घुटने की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। उनकी जगह टीम में मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया था। चोट के कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में भी हिस्सा नहीं ले सके और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मैदान पर नहीं उतर पाए। हालांकि लंबे पुनर्वास के बाद राणा को इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के साथ-साथ जापान में होने वाले एशियाई खेलों की संभावित योजनाओं में भी शामिल किया गया था। अब उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी चेन्नई वनडे से ही हो सकती है, यदि उन्हें अंतिम एकादश में मौका मिलता है।

हर्षित राणा ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला टी-20 विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम वनडे में उन्होंने तीन विकेट लेने के साथ निचले क्रम में 43 गेंदों पर 52 रन भी बनाए थे। अब तक खेले 14 वनडे मुकाबलों में वह 26 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

भारत फिलहाल तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाए हुए है। टीम ने धर्मशाला और लखनऊ में खेले गए पहले दो मुकाबले जीत लिए थे। श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला शनिवार (20 जून) को चेन्नई में खेला जाएगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेट कीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार, हर्ष दुबे, यशस्वी जायसवाल, हर्षित राणा।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

दो साल बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

मकाऊ, 19 जून। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को मकाऊ ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही उन्होंने दो वर्षों से अधिक समय बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के किसी टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया है। विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर मौजूद अश्मिता ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया की किम मिन सुन को सीधे गेमों में 21-16, 21-18 से हराया। यह मुकाबला मकाऊ ईस्ट एशियन गेम्स डोम में खेला गया और केवल 37 मिनट तक चला। अब सेमीफाइनल में अश्मिता का सामना एक और दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी पार्क गा-यून से होगा। यह उनके करियर का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में दूसरा सेमीफाइनल होगा और पहला अवसर है जब वह 2024 थाईलैंड मास्टर्स के बाद इस चरण तक पहुंची हैं। पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और स्कोर 14-14 की बराबरी पर पहुंच गया। इसके बाद अश्मिता ने लगातार चार अंक जीतकर बढ़त बनाई और गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने शानदार वापसी का परिचय दिया। मध्यांतर तक वह 5-11 से पीछे थीं। इसके बाद उन्होंने धैर्य और आक्रामक खेल का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए वापसी की। एक समय स्कोर 13-17 था, लेकिन अश्मिता ने अंतिम नौ में से आठ अंक जीतकर मुकाबला समाप्त कर दिया। इस वर्ष की शुरुआत में चोट के कारण लगभग तीन महीने तक कोर्ट से दूर रहने वाली अश्मिता ने वापसी के बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। मकाऊ ओपन से पहले वह चीन मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स में भी क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थीं।

राजधानी

प्रधानमंत्री ने 15 लाख युवाओं को 2400 करोड़ रु. प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की

उन्होंने कहा कि "भारत के लिए दुनिया दरवाजे खोल रही है, 40 देश के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ"

जयपुर(कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "पीएम विकसित भारत रोजगार योजना" के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा, भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं और देश का हुनर, कौशल एवं संभावनाएं असीम हैं। युवाओं की क्षमता को अवसरों में बदलने के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में देशभर के 15 लाख युवाओं को लाभान्वित करते हुए 2400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को दी जा रही यह प्रोत्साहन राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके परिश्रम और प्रतिभा का सम्मान है। सरकार युवाओं और उद्योग जगत के सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम-वीबीआरवाई आज न केवल पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को सशक्त बना रही है, बल्कि उद्योगों को भी रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित कर रही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना के माध्यम से अब तक 70 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं तथा 20 लाख से अधिक नवनियुक्त युवा अपनी नियुक्ति के छह माह पूर्ण कर चुके हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में 2 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप सक्रिय हैं और वैश्विक स्तर पर भारत के लिए नए अवसर खुल रहे हैं। 40 देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से 'मेक इन इंडिया' उत्पादों को नए बाजार उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे रोजगार और आर्थिक विकास को गति मिल रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेते हुए निजी क्षेत्र में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व से आज देश बदल रहा है और एक नए भारत का निर्माण हो रहा है। सरकार एक ओर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है तो दूसरी ओर उद्योगों और कारोबार को प्रोत्साहन देकर आर्थिक विकास को गति दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश के युवाओं के लिए रिकॉर्ड 17 करोड रोजगार का निर्माण किया है, वर्ष 2004 से 2014 तक केवल 2.92 करोड़ रोजगार के अवसरों का ही सृजन हुआ था। साथ ही जहां वर्ष 2014 से पहले देश में केवल 19 प्रतिशत लोगों (लगभग 25 करोड़) को सामाजिक सुरक्षा मिलती थी, वहीं आज देश के 64.3 प्रतिशत यानी करीब 94 करोड लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आ चुके हैं।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेते हुए निजी क्षेत्र में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगार सृजन, कौशल विकास और युवा सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।कार्यक्रम में सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कालीचरण सर्राफ, संबंधित विभागों के अधिकारी, निजी नियोक्ता एवं नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

- **युवाओं के हुनर, कौशल और सामर्थ्य से साकार होगा विकसित भारत का सपना : नरेन्द्र मोदी**
- **'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से मिला सामाजिक सुरक्षा का कवच, 70 लाख से अधिक रोजगार सृजित'**

40 पुलिस निरीक्षकों के तबादले

जयपुर। राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को महकमे में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 40 पुलिस निरीक्षकों (सीआई) के तबादले और पदस्थापन के आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कार्मिक) बीजू जॉर्ज जोसफ द्वारा जारी इस आधिकारिक सूची में सबसे ज्यादा गाज जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पर गिरी है, जहाँ बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिले हैं।

इस फेरबदल की सबसे खास बात यह रही कि स्थानांतरित किए गए अधिकांश पुलिस अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग से हटाकर विशेष इकाइयों और विभिन्न रेंजों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। माना जा रहा है कि यह कदम कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

जयपुर कमिश्नरेट से हटाकर कई सीआई को अजमेर, उदयपुर, कोटा रेंज, बीकानेर, जोधपुर कमिश्नरेट, सीआईडी (सीबी), एटीएस-एसओजी (एटीएस-एसओजी) और जीआरपी में भेजा गया है। कई अनुभवी अधिकारियों को सामान्य पुलिस थानों की कमान से मुक्त कर सीआईडी (अपराध शाखा) और अन्य तकनीकी व विशेष विंग्स में तैनात किया गया है। अरविंद सिंह शेखावत को बीकानेर रेंज से हटा कर जयपुर कमिनश्रेट में लगा गया है। सतपाल सिंह को जयपुर कमिनश्रेट से कोटा रेंज का पदभार सौपा गया है। सतीश चंद को जयपुर कमिश्नरेट से अजमेर रेंज में नियुक्त किया गया है। साथ इन्हे अपनी नई जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

जयसिंहपुरा खोर में दो अवैध पटाखा गोदामों पर पुलिस की छापेमारी

जयपुर। राजधानी जयपुर में अवैध पटाखों और विस्फोटक सामग्री के कारोबार के खिलाफ जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र में संचालित दो अवैध पटाखा गोदामों पर छापेमारी की। इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने 26 विभिन्न ब्रांड के 560 कार्टून अवैध विस्फोटक सामग्री और बारूद जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद विस्फोटक सामग्री का कुल वजन 3710 किलोग्राम से अधिक बताया गया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी को मित्तल कॉलेज रोड स्थित दुकान संख्या-18 भारती पटाखा गोदाम में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री रखे होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारकर भारी मात्रा में पटाखे और बारूद जब्त किया।

जहां मौके से दीपक खंडेलवाल (38) निवासी कांजी नगर आगरा रोड जामडोली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 18 विभिन्न ब्रांड के 495 कार्टून विस्फोटक सामग्री, जिनका कुल वजन 1631.950 किलोग्राम है, तथा 3 से 4 किलोग्राम खुला बारूद बरामद किया।इस संबंध में जयसिंहपुरा खोर थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसी कार्रवाई के दौरान

- **पुलिस ने मौके से 3710 किलो से ज्यादा विस्फोटक सामग्री जब्त की**

पुलिस ने रूपा की नांगल नायला रोड स्थित ड्रीम पैराडाइज फार्म हाउस परिसर में बने एक स्टोर पर भी दबिश दी। यहां पूर्णिमा पटाखा गोदाम के समीप अवैध रूप से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी हुई मिली। पुलिस ने मौके से राजू शर्मा (45) निवासी रूपा की नांगल जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 8 ब्रांड के 65 कार्टून अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद की गई, जिनका कुल वजन 2078 किलोग्राम बताया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार रिहायशी और गैर-अधिकृत क्षेत्रों में इतनी बड़ी मात्रा में बारूद एवं विस्फोटक सामग्री का भंडारण किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों स्थानों पर बिना आवश्यक सुरक्षा मानकों और अनुमति के विस्फोटक सामग्री संग्रहित की जा रही थी।पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री कहां से लाई गई थी तथा इसे किन क्षेत्रों में सप्लाई किया जाना था। मामले की विस्तृत जांच जारी है।